कोविड-19 सर्जिकल पेशंट चेकलिस्ट*

COVID+ या संदिग्ध पेशंट का ऑपरेशन करते समय, स्वास्थ्य सेवा प्रदाता के ऐक्सपोज़र को कम करने

ऑपरेशन से पहले

टीम ब्रीफिंग

सर्जन, नर्स, एनेस्थीसिया प्रोवाइडर और OT स्टाफ

- ☐ एनेस्थीसिया और सर्जिकल योजना
- ☐ जरूरत पड़ने पर सामान पहुंचाने के लिए, ऑपरेशन थिएटर के बाहर एक OT स्टाफ की योजना बनाएं
- ☐ ट्रैफ़िक कम करें, पेशंट चार्ट और स्टाफ का सामान ऑपरेशन थिएटर के बाहर रखें
- ☐ रिकवरी योजना

सेट अप

नर्स

- ☐ दरवाज़े पर कोविड नोटिफिकेशन का संकेत
- ☐ पीपीई उपलब्ध
- ☐ वाइरसाइडल सफाई की आपूर्ति उपलब्ध
- ☐ गैर जरूरी उपकरण हटाएं

एनेस्थीसिया प्रोवाइडर

- ☐ दवाएं व उपकरण तैयार करें
- ☐ पेशंट और सर्किट के बीच वायरल फ़िल्टर
- ☐ दूषित वस्तुओं के लिए समर्पित ट्रे

पेशंट को ऑपरेशन थिएटर में लेकर जाना

नर्स, एनेस्थीसिया प्रोवाइडर और OT स्टाफ

- ☐ ट्रांसपोर्ट के लिए एनेस्थीसिया प्रोवाइडर और नर्स पीपीई पहनें
- ☐ ट्रांसपोर्ट के दौरान पेशंट के लिए सर्जिकल मास्क
- ☐ पेशंट ट्रांसपोर्ट के बाद स्ट्रेचर को OT स्टाफ साफ करें
- ☐ **WHO सर्जिकल सुरक्षा चेकलिस्ट में साइन इन*** करें

ऑपरेशन के दौरान

हर वक्त

- ☐ ऑपरेशन थिएटर में पूरा स्टाफ N95 / FFP मास्क पहने

इंडक्शन

- ☐ केवल आवश्यक कर्मी
- ☐ एरोसोल जेनरेशन को कम से कम करें
- ☐ यदि कोई श्वास नली आदि ना हो, तो पेशंट पूरे केस के दौरान सर्जिकल मास्क पहनें

ऑपरेशन के दौरान

- ☐ ऑपरेशन थिएटर के बाहर OT स्टाफ तैनात रहे
- ☐ इंसाइशन से पहले, WHO सर्जिकल सुरक्षा चेकलिस्ट टाइम आउट* करें
- ☐ सर्जन अवधि और एरोसोलाइजेशन को कम से कम करें

केस का अंत

- ☐ **WHO सर्जिकल सुरक्षा चेकलिस्ट में साइन आउट*** करें
- ☐ यदि पेशंट को कोई श्वास नली लगी हो, तो आईसीयू को सूचित करें
- ☐ यदि कोई श्वास नली ना लगी हो, तो केवल आवश्यक कर्मी ही ऑपरेशन थिएटर के अंदर रहें
- ☐ पेशंट के ट्रांसपोर्ट होने तक, ऑपरेशन थिएटर के बाहर OT स्टाफ तैनात रहे

ऑपरेशन के बाद

रिकवरी

एनेस्थीसिया प्रोवाइडर और नर्स

- ☐ यदि कोई श्वास नली ना लगी हो, तो रिकवरी के लिए पेशंट को ऑपरेटिंग रुम में रखें
- ☐ कम प्रवाह ऑक्सीजन
- ☐ अप्रयुक्त दवाओं का निपटान करें या 70% ऐल्कोहॉल के साथ वायल पोंछें **
- ☐ ऑपरेशन थिएटर दस्तावेज़ों को प्लास्टिक स्लीव में रखें
- ☐ ट्रांसपोर्ट के दौरान पेशंट का सर्जिकल/ऑक्सीजन मास्क पहनना
- ☐ पेशंट के ट्रान्सफर के बाद पीपीई निकालें

श्वास नली निकालने के बाद एक घंटा ठहरकर ऑपरेशन थिएटर को साफ करें*

पेशंट के ऑपरेशन थिएटर से जाने के बाद

नमूनों को संभालना

- ☐ सभी नमूनों को दो बैगों में रखा जाए
- ☐ ट्रांसपोर्ट के लिए पोर्टर दस्ताने पहनें

ऑपरेटिंग रुम का कीटाणुशोधन

- ☐ सभी सतहों (ऑपरेटिंग रुम टेबल, एनेस्थीसिया मशीन, उपकरण, स्टूल) को 0.5% क्लोरीन या 70% ऐल्कोहॉल से साफ करें
- ☐ फर्श को 0.5% क्लोरीन से साफ करें

अपशिष्ट प्रबंधन

- ☐ ऑपरेशन थिएटर की पूरी सामग्री को निपटान के लिए प्लास्टिक की थैली में डबल बैग
- ☐ निपटान वाले थैलों पर वाइरसाइडल स्प्रे करें
- ☐ ट्रांसपोर्ट कर्मी दस्ताने पहनें

* WHO सर्जिकल सेफ्टी चेकलिस्ट के साथ संयोजन में उपयोग किया जाए। यह चेकलिस्ट व्यापक होने के इरादे से नहीं बनाई गई है। लोकल प्रैक्टिस के अनुसार परिवर्धन और परिवर्तन को प्रोत्साहित किया जाता है।

** कोविड-19 पेंडेमिक के दौरान, यदि संसाधन पर्याप्त हों तो डिस्पोजेबल की सफाई और पुन: उपयोग की सिफारिश नहीं की जाती; यह सिफारिशें केवल संसाधनों की अत्यधिक कमी की स्थिति के लिए होती हैं।

V1. मई 2020 (हिंदी)

कोविड-19 सर्जिकल पेशेंट चेकलिस्ट*

lifebox
Saving lives through safer surgery

SmileTrain
WFSA

COVID+ या संदिग्ध पेशेंट का ऑपरेशन करते समय, स्वास्थ्य सेवा प्रदाता के ऐक्सपोज़र को कम करने

1. एरोसोल जेनरेटिंग प्रक्रियाएं

- इंटुबेशन और एक्सट्यूबेशन
- पाज़िटिव प्रेशर वेंटिलेशन
- बैग-वाल्व-मास्क के साथ मैनुअल वेंटिलेशन
- रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट का खुला सक्शन
- उच्च-प्रवाह ऑक्सीजन ऐडमिनिस्ट्रेशन
- गैर-इनवेसिव वेंटिलेशन
- नेबुलाइज्ड दवाएं
- लेप्रोस्कोपी में CO2 निकास
- दाहन से उत्पन्न धुआँ
- उच्च गति वाले सर्जिकल उपकरणों का उपयोग
- उच्च GI एंडोस्कोपी, ब्रोंकोस्कोपी, ट्रेकियोस्टोमी, उच्च एयरवे एंडोस्कोपी
- दंत चिकित्सा प्रक्रियाएं

एरोसोल जेनरेशन को कम करने के लिए

विचार करें:

- पेशेंट की अवस्था और स्थिति के आधार पर वैकल्पिक एनेस्थीसिया तकनीकें

यदि जनरल एनेस्थीसिया की आवश्यकता है:

- एरोसोलाइजिंग प्रक्रियाओं के दौरान, साफ प्लास्टिक बॉक्स या शीट के साथ पेशेंट को कवर करें
- प्रीआक्सिजेनेट करें, कम प्रवाह, मैन्युअल वेंटिलेशन को कम से कम करें, रैपिड सीक्वन्स इन्डक्शन का उपयोग करें
- कफड ETT को तरजीह देना, लीकेज को कम से कम करें
- यदि उपलब्ध हो तो इनलाइन सक्शन
- पेशेंट और सर्किट एल्बो के बीच वायरल फिल्टर
- केवल एयरवे के आवश्यक कर्मी। अन्य लोग इंटुबेशन पूरा होने के बाद ही प्रवेश करें
- काटते समय ETT पर वायरल फिल्टर छोड़ दें
- कोविड जोखिम से बचाने के लिए वायरल (HEPA, HMEF या समान) फ़िल्टर ही होना चाहिए (HME फिल्टर सुरक्षात्मक नहीं है)

2. पैरिऑपरेटिंग स्टाफ़ के लिए पीपीई

कोविड पाज़िटिव ऑपरेशन थिएटर के लिए पीपीई पहनना

- **निगरानी करने के लिए कोच मौजूद होना चाहिए**

1. हाथों की सफाई करें
2. सिर पर कवर पहनें
3. N95 मास्क पहनें, पहले ऊपरी फीता बाधें, सील की जाँच करें
4. सर्जिकल मास्क के साथ N95 मास्क को कवर करें
5. चश्मा/ फेस शील्ड पहनें
6. गाउन पहनें
7. दस्ताने पहनें
8. कोच के साथ पुष्टि करें कि पीपीई ठीक से पहना गया है

कोविड पाज़िटिव ऑपरेशन थिएटर के लिए पीपीई उतारना

- **निगरानी करने के लिए कोच मौजूद होना चाहिए**
- **किसी भी कदम पर हाथों के दूषित होने पर उनकी सफाई करें**
- **सप्लाई के संरक्षण के लिए दस्ताने के ऊपर से हाथों की सफाई की जा सकती है**

1. गाउन निकालें, साइड की तरफ खींचे और सामने की ओर से उतारें
2. दस्ताने निकालें
3. चश्मा/ फेस शील्ड निकालें
4. सर्जिकल मास्क को हटा दें, पहले निचली गांठें खोलें
5. N95 निकालें, पहले निचले स्ट्रैप को निकाल दें
6. सिर के कवर को हटाएं
7. हाथों की सफाई करें, स्क्रब बदलें

ऑपरेशन थिएटर में स्टाफ़ को N95 क्यों पहनना चाहिए

- एरोसोल जेनरैशन का उच्च जोखिम, एरोसोल को साफ होने में 1 घंटे या उससे अधिक का समय लग सकता है
- सर्जिकल प्रक्रिया के दौरान ऑपरेशन थिएटर में चल रहे एरोसोलाइजेशन के लिए संभावित
- एनेस्थीसिया स्केवेंजिंग सिस्टम की संभावित कमी, या सर्किट पर वायरल फिल्टर की कमी

3. उपकरण का परिशोधन, सफाई और पुनःप्रयोग

एनेस्थीसिया उपकरण का परिशोधन

बिना परिशोधन के, मरीजों के बीच ऑक्सीजन फेसमास्क या सर्किट का पुनः उपयोग ना करें **

ऑक्सीजन फेसमास्क, ETT, **सक्शन और सर्किट ट्यूबिंग का पुनर्संसाधन****

1. साबुन और पानी से ब्रश करें, आंतरिक और बाहरी हिस्से को अच्छी तरह से साफ करें
2. 70% ऐल्कोहॉल सलूशन या 0.5% क्लोरीन में डूबोएं
3. साफ पानी से खंगालें
4. अगले उपयोग से पहले पूरी तरह से सूखा लें

- पेशेंट ट्रॉली और सभी ऑपरेशन थिएटर की सतहें 0.5% क्लोरीन या 70% ऐल्कोहॉल सलूशन के साथ पोंछें
- पेशेंट के साथ फ़िल्टर ट्रान्सफर किया जा सकता है, लेकिन नए पेशेंट के लिए पुनः संसाधित या पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता है

जब N95 / FFP की सप्लाई सीमित हो

- एरोसोल जेनरेटिंग प्रक्रिया करने वाले स्टाफ़ के लिए N95 को प्राथमिकता दें
- वैकल्पिक एनेस्थीसिया पर विचार करें (क्षेत्रीय, सिडेशन)
- पुनः उपयोग के लिए N95 को पुनः संसाधित करें (N95decon.org)**
- N95 मास्क पर सर्जिकल मास्क पहनें
  सतह संदूषण को कम करें
- N95 (www.cdc.gov) के विस्तारित उपयोग या पुनः उपयोग के लिए प्रोटोकॉल का उपयोग करें
- पीपीई के उपयोग और संरक्षण के बारे में स्टाफ़ को प्रशिक्षित करें

** कोविड-19 पेंडेमिक के दौरान, यदि संसाधन पर्याप्त हों तो डिस्पोजेबल की सफाई और पुनः उपयोग की सिफारिश नहीं की जाती; यह सिफारिशें केवल संसाधनों की अत्यधिक कमी की स्थिति के लिए होती हैं।

V1. मई 2020 (हिंदी)